क्रमांक: IQAC/**158**/2023-2024 दिनांक: **06/07/2023**

## Action Plan of IQAC 2023-24

(Approved in the IQAC meeting Number 33, Dated 30th June 2023)

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Curricular Aspects** | Academic Council & All HODs | 1. सत्र 2023–24 में संचालित समस्त शैक्षणिक कार्यक्रमों (यू.जी., पी.जी. एवं वोकेशनल) पाठ्यक्रमों का अनुमोदन मई 2023 में आयोजित अध्ययन–मण्डलों एवं अकादमिक–समिति की बैठकों में किया जा चुका है। | मई 2023 में सम्पन्न |
| | | Academic Council, HOD – Economics & Forensic Science | 2. सत्र 2024–25 के लिए नवीन प्रस्तावित बी.ए. (इकॉनोमेट्रिक्स) एवं एम.एससी. (फोरेंसिक साइंस) प्रोग्रामों के पाठ्यक्रमों का निर्माण संबंधित अध्ययन–मण्डलों के द्वारा करवाया जाना है। इसी के साथ सत्र 2024–25 में पूर्व से संचालित सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों के पाठ्यक्रम भी तैयार किए जाने होंगें। | जनवरी 2024 से मार्च 2024 तक |
| | | Academic Council, HOD – Psychology & Sociology | 3. मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में शोध केन्द्र स्थापित किए जाने बाबत् आवश्यक तैयारियॉ करना। | अगस्त 2023 से कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। |
| | | HODs of All UG/PG Subjects | 4. स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित समस्त कार्यक्रमों के POs, PSOs एवं COs का निर्धारण। | जुलाई–अगस्त 2023 |
| | | | 5. यू.जी. एवं पी.जी. के समस्त COs के Attainment के विभिन्न तरीकों पर चर्चा एवं कार्यवाही। | जून 2023 |
| | | IQAC, Academic Council & All HODS | 6. Exploring the possibility of UG with Double Major under recent NEP guidelines of UGC. | अगस्त 2023 से जनवरी 2024 के पूर्व ताकि अकादमिक परिषद् की आगामी बैठक में अनुमोदन प्राप्त किया जा सकें। |

IQAC Coordinator

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | IQAC, Academic Council & All HODS | 7. **Multidisciplinary Courses** (9 Credits): राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन दिशानिर्देशों के अनुरूप निम्न 5 क्षेत्रों से संबंधित सामान्य स्तर के 3–3 क्रेडिट के पाठ्यक्रम विद्यार्थियों बाबत् तैयार किए जाना है, ताकि विद्यार्थी अपनी पंसद के अनुरूप इनका चयन कर सकें। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कोई भी विद्यार्थी उसके द्वारा विद्यालयीन कक्षाओं में पढ़े गए पाठ्यक्रम का चयन नहीं कर सकता है:<br>i. **Natural and Physical Sciences** – *Biology, Botany, Zoology, Biotechnology, Biochemistry, Chemistry, Physics, Biophysics, Astronomy & Astrophysics, Earth & Environmental Sciences etc.*<br>ii. **Mathematics, Statistics and Computer Applications** – *Python programming, STATA, SPSS, R, Scilab, Tally, etc.*<br>iii. **Library, Information and Media Sciences** - *Journalism, mass Media, Communication, etc.*<br>iv. **Commerce and Management** – *Business Management, Accountancy, Finance, Financial Institutions, Fintech, etc.*<br>v. **Humanities and Social Sciences** –<br>• Courses related to Social Sciences, for example - *Anthropology, Communication & Media, Economics, History, Linguistics, Political Science, Psychology, Social Work, etc.*<br>• Courses under humanities include, for example – *Archaeology, History, Comparative Literature, Arts & Creative expressions, Creative Writing & Literature, Language(s), Philosophy, etc.*<br>• Courses that can include interdisciplinary subjects, for example – *Environmental Science, Gender Studies, Global Environment & Health, International Relations, Political Economy & Development, Sustainable Development, Women's and Gender Studies, etc.* | अगस्त 2023 से जनवरी 2024 के मध्य |

IQAC Coordinator
Institute for Excellence in Higher Education ★ BHOPAL ★

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)




A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | IQAC, Academic Council & All HODS | 8. **Value Added Courses** (VAC) (6-8 Credits): स्नातक स्तर के समस्त विद्यार्थियों बाबत् निम्न क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराये जाना हैं:<br>• Understanding India,<br>• Environmental Science/Education,<br>• Digital and technological solutions,<br>• Health & Wellness, Yoga Education, Sports, and Fitness. | अगस्त 2023 से फरवरी 2024 के मध्य |
| 2 | **Teaching-Learning and Evaluation** | All HODs | 1. संस्थान के अकादमिक कैलेण्डर के तारतम्य में विभागवार एक्टिविटी कैलेण्डर का निर्माण | 15 जून से 05 जुलाई 2023 |
| | | Dr. Sadhana Pandey (IQAC), All HODs & Controller of Examination | 2. पाठ्यक्रम आधारित फीडबैक प्राप्त किया जाना<br>• विद्यार्थियों हेतु संशोधित फीडबैक प्रारूपों का निर्माण<br>• नियोक्ता हेतु संशोधित फीडबैक प्रारूपों का निर्माण<br>• एल्यूमीनाई हेतु संशोधित फीडबैक प्रारूपों का निर्माण | **प्रारूपों का निर्माण:** 15 जून से 10 जुलाई 2023<br>**फीडबैक प्राप्त करना:** 31 जुलाई 2023 तक |
| | | Dr. Anuj Hundet (IQAC Coordinator) & ICT Cell | 3. शिक्षकों से प्राप्त सुझावों के अनुरूप सत्र 2022–23 से लागू ऑनलाइन टीचर्स डायरी में आवश्यक सुधार कर पोर्टल पर उपलब्ध सुविधा को अद्यतन करना। | 15 जून से 05 जुलाई 2023 |
| | | Dr. Jyoti Saxena (IQAC) & All HODs/Teachers | 4. **Development of Innovative Pedagogy:** अभिनव शिक्षाशास्त्र (Pedagogy) विकसित करने हेतु शिक्षकों को प्रोत्साहित करना, प्रस्ताव प्राप्त करना तथा 'आकलन एवं मान्यकरण' (Assessment and Accreditation) हेतु समिति का गठन। | **समिति का गठन:** जुलाई 2023<br>**शिक्षकों को प्रोत्साहित करना:** जुलाई 2023 से सतत्<br>**प्रस्ताव प्राप्त करना:** 15 जुलाई से 15 अगस्त 2023 एवं 01 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक।<br>**आकलन एवं मान्यकरण:** शैक्षणिक सत्र के अंत में (मार्च 2024) |

Institute for Excellence in Higher Education · IQAC Coordinator · Bhopal

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)




A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | IQAC, Dr. R.K. Shrivastava & team, ICT Cell & All Teachers | 5. **Use of Digital Studio & Development of E-Content:** ई–कंटेंट तैयार करने बाबत् शिक्षकों के लिए अल्पावधि (02–03 दिवसीय) के FDP का आयोजन, जिसमें निम्न बिन्दुओं को शामिल किया जावेगा:<br>• Exposure of faculty members to Digital Studio<br>• Camera facing & Voice Modulation<br>• ई–कंटेंट हेतु 04 Quadrant की उपयोगिता,<br>• पॉवर पांइट आधारित विडियो लेक्चर तैयार करना,<br>• I-spring Appl. Software की सहायता से In-video Quizzes का निर्माण।<br>• संस्थान के यू–ट्यूब चैनल पर विडियो लेक्चर को अपलोड करना, एवं<br>• विद्यार्थियों बाबत् पोर्टल पर विडियो लेक्चर की लिंक उपलब्ध कराना | • FDP का आयोजनः जुलाई एवं दिसंबर 2023<br>• शेष कार्यवाही सम्पूर्ण सत्र के दौरान समय–समय पर |
| | | Department of Mathematics and Examination Cell | 6. **Monthly Logic/Reasoning Test:** विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रत्येक सेमेस्टर में तीन Logic/Reasoning Test का आयोजन GK Test की भांति पृथक से किया जाना प्रस्तावित है। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | ICT Cell | 7. **Installation of Moodle on the IEHE Portal:** वर्तमान में क्रियांवित LMS MS-Team को निरन्तर रखते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुविधा हेतु Learning Management Software (Moodle) को पोर्टल पर उपलब्ध कराना एवं संकाय सदस्यों/विद्यार्थियों का प्रशिक्षण। | अगस्त–सितंबर 2023 एवं सतत् |
| | | IQAC & ICT Cell | 8. **Use of ICT Tools in Teaching & Learning:** नवीन आई.सी.टी. टूल्स के उपयोग से शिक्षकों को परिचित कराना एवं इसके उपयोग बाबत् उन्हें प्रशिक्षित करना। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | IQAC & HODs | 9. **Integration of Indian Knowledge System:** भारतीय ज्ञान परम्परा को सामान्य पाठ्यक्रमों में और बेहतर तरीके से समाहित करने के उद्देश्य से संस्थान में इस बाबत् एक पृथक सेल का गठन करना। नवगठित सेल, अकादमिक समिति एवं आई.क्यू.ए.सी. से प्राप्त दिशानिर्देशों/सुझावों पर अमल की योजना बनाकर कार्य करेंगीं। | जुलाई 2023 से सतत् |

IQAC Coordinator, Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | Examination Cell | 10. **SGPA Improvement Scheme:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक चतुर्थ वर्ष में उन्ही विद्यार्थियों को प्रवेश मिलेगा जिनका CGPA 7.5 या उससे अधिक होगा। अतः चतुर्थ वर्ष में प्रवेश से पूर्व विद्यार्थियों को अपना SGPA उन्नयन करने के अवसर उपलब्ध कराने हेतु परीक्षा नियमों में प्रावधान कराया जाना प्रस्तावित हैं। | सितम्बर–अगस्त 2023 में परीक्षा नियमों मे सुधार हेतु रूपरेखा तैयार करना।<br>आगामी अकादमिक परिषद् की बैठक में प्रस्तावित परीक्षा नियमों का अनुमोदन कराया जावेगा। |
| | | IQAC, , ICT Cell & All Teachers | 11. **30 Hours Online Certificate Courses:** 12 मई 2023 को आयोजित अकादमिक परिषद् की बैठक में आई.क्यू.ए.सी. द्वारा प्रस्तावित स्किल आधारित ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्सेस को प्रारंभ करने के लिए संकाय सदस्यों को प्रेरित एवं प्रशिक्षित करना तथा विद्यार्थियों को इन कौशल आधारित सर्टिफिकेट कोर्सेस के संबंध में जागरूक करना। | जुलाई–अगस्त से प्रारंभ करते हुए सतत् |
| | | IQAC, ICT Cell, Librarian & All Faculty Members | 12. शैक्षणिक गतिविधियों के उन्नयन हेतु संकाय सदस्यों को MHRD द्वारा विकसित सुविधाओं जैसे विद्वान पोर्टल, स्वंयप्रभा, वर्चुअल लेब, इत्यादि के अधिकाधिक उपयोग बाबत् जागरूक करना एवं प्रशिक्षित करना। | जुलाई–अगस्त 2023 एवं सतत् |
| | | IQAC, ICT Cell & All HODs | 13. MHRD के Global Initatives of Academic Networks (GIAN) पोर्टल के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय सहकार्यता (Collaboration) बाबत् संकाय सदस्यों को जागरूक करना। | अगस्त–सितंबर 2023 एवं सतत् |
| | | IQAC & NIRF Committee | 14. NIRF समिति के साथ बैठक आयोजित कर संस्थान की रैकिंग सुधार बाबत् आवश्यक प्रयास हेतु योजना तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करना। | सितंबर–अक्टूबर 2023 एवं सतत् |
| | | All Professor In-charge of MOUs & All HODs | 15. **MOUs:** वर्तमान एम.ओ.यू. की समीक्षा एवं नवीन एम.ओ.यू. के लिए प्रयास करना। विशेष रूप से भोपाल स्थित एन.जी.ओ. के साथ कार्य करने की संभावनाए तलाशना एवं विद्यार्थी हित में योजना तैयार कर उस पर कार्य करना। | अगस्त–सितंबर 2023 एवं सतत् |

IQAC Coordinator

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)



A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| 3 | **Research, Innovations and Extension** | Dr. Nidhi Chauhan & IQAC | 1. **Incubation Centre:** उदगम केन्द्र के कार्य की समीक्षा कर भविष्य की योजनाएं तैयार कर अमल में लाना। विद्यार्थियों द्वारा विकसित मॉडल/डिजाइन इत्यादि के पेटेंट प्राप्त करने की कार्यवाही करना। | जुलाई–अगस्त 2023 एवं सतत् |
| | | • HOD of Psychology, Sociology & RDC<br>• HODs of All Research Centers | 2. **Research Centers:**<br>• मनोविज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों में शोध केन्द्र स्थापित करना।<br>• पूर्व से संचालित 07 शोध केन्द्रों की समीक्षा एवं इनके उन्नयन संबंधी कार्य।<br>• समस्त विभागों से योजना तैयार कर स्नातक एवं स्नात्तकोतर विद्यार्थियों में शोध प्रवृति को विकसित करने का कार्य करना। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | Research and Development Cell | 3. **Incentive to Research Scholars:** शोध कार्य में संलग्न शोधार्थियों के प्रकाशन को पोर्टल पर उपलब्ध कराना एवं शोधार्थियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करना। कार्ययोजना को संचालक से अनुमोदित कराकर आवश्यक कार्यवाही करना। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | | 4. **Data-base of Research Equipment:** संस्थान के पोर्टल पर शोध सुविधाओं/उपकरणों इत्यादि का डेटाबेस प्रदर्शित करना ताकि संस्थान एवं संस्थान के बाहर के शोधार्थी लाभांवित हो सकें। | |
| | | | 5. **Central Research Lab:** आर्यभट् भवन में स्थापित केन्द्रीय शोध केन्द्र के उपयोग बाबत् समुचित योजना बनाना एवं तदानुसार शोध कार्य की सुविधाएं उपलब्ध कराना। | |
| | | All HODs | 6. **Student Project:** एन.ई.पी. 2020 अतंर्गत स्नातक तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों हेतु परियोजना कार्य/शिक्षुता/प्रशिक्षुता/सामुदायिक–जुड़ाव के पाठयक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में शोध प्रवृति विकसित करना। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Finance Controller & Scholarship Committee | 7. **Student Welfare Fund:** इस मद के अंतर्गत प्राप्त राशि का अधिकतम उपयोग विद्यार्थी हित में किए जाने के उद्देश्य से संस्थान में क्रियान्वित योजनाओं (बीमा, संस्थागत अवार्ड/स्कॉलरशिप इत्यादि) का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाना आवश्यक हैं। संस्थागत अवार्ड एवं स्कॉलरशिप की संख्या में यथोचित वृद्धि करने की योजना बनाकर कार्यवाही करना। | जुलाई 2023 से सतत् |

Institute for Excellence in Higher Education IQAC Coordinator BHOPAL

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | All HODs | 8. **Parents Teacher Association (PTA):** प्रत्येक विभाग में पी.टी.ए. का गठन कर आवश्यक कार्यवाही किया जाना। प्राप्त सुझावों को आई.क्यू.ए.सी. के समक्ष प्रस्तुत करना एवं संचालक के अनुमोदन उपरांत आवश्यक कार्यवाही संपादित करना। | जुलाई–अगस्त 2023 |
| | | Research Journal Committee (RDC) | 9. **Research Publications:** संस्थान स्तर पर स्थापित शोध पत्रिकाओं का आई.एस.बी.एन. प्राप्त करना एवं इन शोध प्रत्रिकाओं में उच्च गुणवत्ता के शोध–पत्रों का प्रकाशन सुनिश्चित करना। संस्थान की शोध पत्रिकाओं को यू.जी.सी. केयर लिस्ट में सूचीबद्ध करने की योजना बनाकर कार्य करना।<br>10. समय–समय पर संकाय सदस्यों/शोधार्थियों/शोध कार्य में रूचि रखने वाले स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को शोध पत्र प्रकाशन हेतु प्रेरित करना एवं यथोचित Incentive प्रदान करना। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | IQAC & All HODs | 11. **Extension Activities:** संस्थान स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना, एन.सी.सी., चुनिंदा विभाग एवं विभिन्न क्लब्स इन गतिविधियों में संलग्न होकर कार्य कर रहें हैं, अतः अन्य विभागों को भी इस कार्य बाबत् समय–समय प्रेरित करना। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | Research and Development Cell & All HODs | 12. **International Seminar:** संस्थान यह प्रयास करेगा कि प्रतिवर्ष एक अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी अन्तर–संकाय विषय पर आयोजित की जावें तथा प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में अलग–अलग संकायों को आयोजन का अवसर उपलब्ध कराया जावें। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | Librarian & All HODs | 13. **Dedicated Library for Research Scholars:** संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय में शोधार्थियों हेतु एक विशेष ई–लाईब्रेरी विकसित करने की योजना बनाना ताकि शोधार्थियों को शोध कार्य में उच्च स्तरीय सुविधाएं प्राप्त हों सकें। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Research and Development Cell & All HODs | 14. **Research Scholar Meet:** नियमित रिसर्च स्कॉलर मीट का आयोजन प्रत्येक सेमेस्टर में कम से कम एक बार किए जाने की योजना तैयार करना एवं उसपर अमल की कार्यवाही करना। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | Dr. Madan Dhanora (IQAC) & Dr. Nidhi Chauhan | 15. **Awards & Recognition:** अधिक संख्या में शोधार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, उनके कार्य को सम्मानित करना एवं पेटेंट हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना। उच्च स्तर का शोध कार्य करने वाले संकाय सदस्यों को भी सम्मानित करना एवं स्कोपस/यूजीसी केयर लिस्ट में प्रकाशन बाबत् प्रेरित करना। | अगस्त 2023 से सतत् |
| | | All HODs | 16. **New Research Areas :** भारत की सांस्कृतिक धरोहर एवं जलवायु परिवर्तन जैसे समसामयिक विषयों में शोध की सुविधाएं उपलब्ध कराना। | सितंबर 2023 से सतत् |

Institute for Excellence in Higher Education * BHOPAL * IQAC Coordinator

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| 4 | **Infrastructure and Learning Resources** | Building Committee | 1. **Possession of Arybhatt Bhawan:** नवनिर्मित आर्यभट्ट भवन के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल का स्वामित्व प्राप्त करना। आर्यभट्ट भवन में भौतिकी विभाग एवं वाणिज्य संकाय को स्थानानतरित करना। प्रथम तल पर केन्द्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला एवं तृतीय तल पर डिजिटल स्टूडियो स्थापित करना। आर्यभट्ट भवन के दोनों तरफ पार्किंग विकसित करना।<br>2. **Construction of Auditorium:** संस्थान की सामान्य परिषद् द्वारा ऑडिटोरियम के निर्माण की स्वीकृती प्राप्त हो चुकी है, आगे की कार्यवाही हेतु संबंधित निर्माण संस्थाओं से कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने की आवश्यकता है। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Department of Computer Scienec & ICT Cell | 3. **Wi-Fi Enabled Class Rooms:** संस्थान में वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत स्मार्ट क्लास रूम हेतु 10 नये इंटरएक्टिव डिजिटल पैनल प्राप्त हुए हैं, जिन्हें संबंधित कक्षों में स्थापित किया जा चुका है। संकाय सदस्यों को स्मार्टक्लास के उपयोग बाबत् प्रशिक्षित किया जाना होगा। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Library Committee | 4. **Enrichment of Central Library:**<br>• केन्द्रीय पुस्तकालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्नातक तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष (सेमेस्टर पांच से आठ) के लिए नवीन पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त पुस्तकों/संदर्भ ग्रंथों का क्रय किया जाना प्रस्तावित है।<br>• केन्द्रीय पुस्तकालय में संचालित ई–रिसोर्स सेंटर के लिए विभिन्न पुस्तकालयों/संस्थाओं/प्रकाशकों इत्यादि के साथ ई–रिर्सोसेस उपलब्ध कराने के लिए अनुबंध स्थापित किये जाने की आवश्कता हैं।<br>• संस्थान के केन्द्रीय पुस्तकालय के प्रथम तल पर वर्ल्ड बैंक मद से निर्माण कार्य प्रगति पर है। संबंधित निर्माण संस्थाओं से कार्य को शीघ्र सम्पन्न कराने बाबत् अतिरिक्त प्रयासों की आवश्यकता है। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Dr. R.K. Shrivastava & Mr. Harsh Verma | 5. **Media Centre:** संस्थान में पूर्व से स्थापित मीडिया सेटंर को नवनिर्मित डिजिटल स्टूडियों के साथ आसंजित करना होगा। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही एवं संकाय सदस्यों का प्रशिक्षण कराया जाना होगा। | अगस्त 2023 से सतत् |

IQAC Coordinator, Institute for Excellence in Higher Education * BHOPAL *

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| 5 | **Student Support and Progression** | Dr. Mukesh Jain | 1. **Alumni:** संस्थान की एक पंजीकृत एल्यूमिनी एसोसिएशन है, जो समय–समय पर विद्यार्थी हित में कार्यक्रम (प्रशिक्षण, व्याख्यान, कार्यशाला इत्यादि) आयोजित करती रहती है। इन कार्यक्रमों का आवश्यकतानुसार आयोजन एवं अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्यवाही की जानी है।<br>एल्यूमिनी एसोसिएशन के माध्यम से डोनेशन प्राप्त करने की योजना बनाकर कार्यवाही की जाना होगी। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Academic Committee & Finance Controller | 2. **Student Welfare Fund (SWF):** संस्थान के प्रत्येक विद्यार्थी से इस मद में निर्धारित धनराशि फीस के रूप में ली जाती है, इस राशि से विद्यार्थी कल्याण की योजनाएं (बीमा, संस्थागत अवार्ड/स्कॉलरशिप, राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने पर विद्यार्थियों को यात्रा भत्ता का भुगतान) संचालित की जाती हैं। इन योजनाओं में लाभार्थियों की संख्या में यथोचित वृद्धि, नवीन योजनाओं जैसेः Earn While Learn, Different Freeship Scheme, Award for Extraordinary Contribution in the field of Sports/Cultural/Literary/Etc. Activities को प्रारंभ करना तथा यह सुनिश्चित करना कि इस मद में प्राप्त सम्पूर्ण राशि का सद्उपयोग विद्यार्थी कल्याण में हो सकें। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Dr. Anita Deshpandey | 3. **Sick Room:** संस्थान में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु चिकित्सक नियमित विजिट पर समय–समय पर आते है। इनके लिए एक कक्ष को चिन्हित करने की आवश्यकता हैं, ताकि आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं (Medical Facilities) इसी कक्ष में उपलब्ध कराई जा सकें एवं आपातकालीन स्थिति में पेशेंट को फर्स्टएड भी प्रदान किया जा सकें। | जून 2023 |
| | | Dr. Rachana Singh Thakur & ICT Cell | 4. **Student Progression:** संस्थान का Student Progression towards Higher Education बहुत अच्छा है, परन्तु इस संबंध में पोर्टल पर कोई मॉड्यूल उपलब्ध नहीं है, अतः ऐसे मॉड्यूल को विकसित करने की आवश्यकता है ताकि चाहने पर 24x7 जानकारी प्राप्त की जा सकें। | अगस्त 2023 से सतत् |

Institute for Excellence in Higher Education IQAC Coordinator BHOPAL

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| 6 | **Governance, Leadership and Management** | Dr. Seeme Mehmood (IQAC) | 1. **Academic Monitoring:** संस्थान की अकादमिक व्यवस्था के सुचारू संचालन/निगरानी हेतु आई.क्यू.ए.सी. समय–समय पर दिशानिर्देश जारी करता रहता है। इसी कड़ी में एक पृथक समिति (Academic Monitoring Committee) का गठन किए जाने की योजना है, ताकि समिति के माध्यम से अकादमिक गतिविधियों की गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि की जा सकें। समिति के कार्य निम्नानुसार होगें:<br>• नियमित शैक्षणिक व्यवस्था में गुणवत्ता स्थापित करने से संबंधित कार्य<br>• संकाय सदस्यों हेतु समय–समय पर विभिन्न विषयों पर Faculty Development Programme (FDP) एवं संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना।<br>• संकाय सदस्यों के सशक्तीकरण हेतु आयोजित राज्य/राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | | 2. **Academic & Administrative Audit (AAA):** संस्थान में विगत तीन सत्रों से आंतरिक AAA किए जाने की व्यवस्था है, इसके साथ ही रूसा संचानालय द्वारा बाहरी एजेंसी के माध्यम से भी AAA काराया जाता है। संस्थान स्तर पर भी बाह्य ऑडिट करवाया जाना उचित होगा। इस बाबत् आवश्यक कार्यवाही (समिति का गठन, निरीक्षण इत्यादि) की जाना प्रस्तावित है। | नवम्बर 2023 से अप्रैल 2024 |
| | | Dr. Seeme Mehmood (IQAC) | 3. **Higher Education Governance Screening Card (HEGSC):** उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ल्ड बैंक परियोजना अंतर्गत नवंबर 2019 की स्थिति में संस्थान की HEGSC टूल के माध्यम से बैंच मार्किंग का कार्य किया गया था। संस्थान की वर्तमान स्थिति में इस टूल के माध्यम से बैंच मार्किंग का कार्य पुनः किए जाने की योजना प्रस्तावित है, ताकि संस्थान मान्य पैमानों पर अपनी स्थिति जान सकें एवं संस्थान की उतरोत्तर प्रगति के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकें। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Dr. Seeme Mehmood (IQAC), Dr. Mahendra Singhai & Academic Council | 4. **Provision of Consultancy in Green Book:** संस्थान प्रदेश की एक राज्यस्तरीय शैक्षणिक संस्था है, जो शिक्षा के क्षेत्र में अभिनव योजनाएं क्रियान्वित कर प्रदेश के शैक्षणिक स्तर को उन्नयन करने के लिए कार्यरत है, इसी तारतम्य में संस्थान के संकाय सदस्यगण अन्य संस्थाओं के लिए परामर्श कार्य करते आ रहें हैं। परन्तु संस्थान के प्रतिष्ठान ज्ञापन (Green Book) में पेड कन्सलटेंसी का प्रावधान नहीं है, अतः इस बाबत् उचित प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्रस्तावित है। | दिसंबर 2023 तक |

Institute for Excellence in Higher Education, IQAC Coordinator, BHOPAL

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)




A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | Dr. Anjali Acharya (IQAC) | 5. **Training for Class-III & IV Employees:** संस्थान द्वारा समय–समय पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रशिक्षण इत्यादि की व्यवस्था की जाती है। इसी तारतम्य में इस सत्र में भी विभिन्न उपयोगी विषयों जैसेः Office Management, Financial Management, Digital Awareness, Communication Skills, Use of Fire Extinguisher etc. पर प्रशिक्षण प्रदान किए जाने की योजना प्रस्तावित है। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Dr. Anjali Acharya (IQAC) & Concerned HODs | 6. **Upgradation of Lab Staff:** संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं में आउटसोर्स व्यवस्था पर प्रयोगशाला तकनीशियन एवं प्रयोगशाला परिचारक कार्य करते हैं, अतः इनको संबंधित विषयों में कार्य करने बाबत् विशेष प्रशिक्षण देने की योजना प्रस्तावित है। | जुलाई 2023 से सतत् |
| | | Dr. Anuj Hundet (IQAC) & ICT Cell | 7. संस्थान स्तर पर संचालित प्रशासकीय व्यवस्थाओं को ई–गर्वनेंस के माध्यम से IEHE Portal पर उपलब्ध कराना। | सितंबर 2023 से मार्च 2024 |
| **7** | **Institutional Values and Best Practices** | Dr. Anuj Hundet (IQAC) | 1. **Constitution of Different Committees, Clubs & Cells:** संस्थान में विभिन्न गतिविधियों के सुचारों संचालन बाबत् विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है, इनमें विद्यार्थियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाती है। आई.क्यू.ए.सी. इनके गठन एवं कार्य निर्धारित करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करता है। इस सत्र में भी यह कार्य संपादित किया जाना है। | जून 2023 |
| | | Dr. R.K. Shrivastava & Dr. Ajay Bhardwaj | 2. **Energy & Green Audit:** प्रतिवर्ष की भांति इस सत्र में भी यह कार्य सम्पन्न कराया जाना है। | सितबंर से दिसंबर 2023 |
| | | Dr. Ruchira Chaudhary | 3. **Environment Audit:** बाहरी एजेंसी जैसेः EPCO/ Municipal Coporation etc. के माध्यम से Environment Audit कराने की योजना है। | सितबंर 2023 से फरवरी 2024 |

IQAC Coordinator, Institute for Excellence in Higher Education ★ BHOPAL ★

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)




A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in

| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | Dr. Madan Dhanora (IQAC) & All HODs | 4. **Celebration of Commemorative Days, Events & Festivals:** सम्पूर्ण सत्र के दौरान महत्वपूर्ण दिवस, घटनाओं एवं त्यौहारों का आयोजन संस्थान परिसर में विद्यार्थियों, हॉस्टलर्स एवं संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों के मध्य किया जाता है। इसे और अधिक सुनियोजित तरीके से किया जाना प्रस्तावित है। | सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान |
| | | TG Committee & All HODs | 5. **TG Scheme:** वर्तमान में शिक्षक–अभिभावक योजना ऑनलाइन मोड में संचालित की जाती है। इस योजना के प्रभावी परिपालन हेतु इसे हाईब्रिड मोड में संचालित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि अधिकाधिक व्यक्तिगत परामर्श सुविधा का लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो सकें। | आवश्यकतानुसार सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान समय–समय पर |
| | | Dr. Usha Kahol | 6. **Barrier Free Environment for Differently Abled:** 'अन्यथा सक्षम' विद्यार्थियों हेतु ऐसा वातावरण विकसित करना जिससे उन्हें अध्ययन अध्यापन कार्य में कोई बाधा न आए। | सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान |
| 8 | **Other** | IQAC & All HODs | 1. **Design of Memento:** संस्थान प्रतिवर्ष विद्यार्थियों, विषय–विशेषज्ञों, माननीय अतिथिगणों इत्यादि को प्रतीकस्वरूप मोमेंटों प्रदान करता है। इस मोमेंटों को इस प्रकार से डिजाइन करने की आवश्यकता है, जिससे वह संस्थान के विशिष्ट स्वरूप को उचित तरीके से प्रदर्शित कर सकें। अतः प्रस्तावित योजनानुसार संस्थान के समस्त स्टेक–होल्डर्स के मध्य चर्चा उपरांत मोमेंटों का डिज़ाइन तैयार किया जाना होगा, तथा इसकी एक बड़ी प्रतिकृति संस्थान में उचित स्थान पर स्थापित की जानी होगी।<br><br>योजनानुसार भविष्य में मोमेंटों के रूप में इसकी छोटी प्रतिकृति ही प्रदान की जावेंगी। प्रतिकृति के अर्थ को दर्शाता एक राइटअप भी साथ में प्रदान किया जावेगा। | सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान |

IQAC Coordinator, Institute for Excellence in Higher Education, Bhopal

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)

Office: Kaliasot Dam, WALMI Hills, Kolar Road, P.O. Box. 588, Ravishankar Nagar, Post Office, Bhopal – 462016
Tele: (0755) 2492433, 2492460, 2492492, Email: iehebhopal@mp.gov.in Website: www.iehe.ac.in


| क्रमांक | कार्य क्षेत्र एवं संबंधित समिति | | प्रस्तावित योजना | समय चक्र |
|---|---|---|---|---|
| | | Certification & Facilitation Committee | 2. **Certification/Facilitation:** संस्थान में आमंत्रित विषय–विशेषज्ञों, माननीय अतिथिगणों इत्यादि के व्याख्यानों के उपरांत उनको सम्मानित करने के उद्देश्य से एक प्रशस्तीपत्र व्याख्यान समाप्ति के उपरांत ससम्मान दिए जाने की योजना है, इस बाबत् एक Certification & Facilitation Committee का गठन किया जाना होगा। यह समिति आमंत्रण भेजना एवं रंगीन प्रशस्तीपत्र मुद्रित कर प्रदान करने का कार्य करेगी। | आवश्यकतानुसार सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान समय–समय पर |
| | | Committee for Conveyance Facility of Students | 3. **Conveyance Facility for Students:** संस्थान मुख्य कोलार रोड से 2.50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, नगर निगम भोपाल की बस सेवा कार्य दिवसों में एक निश्चित अंतराल पर संचालित होती है। इसके अतिरिक्त भी विद्यार्थियों हेतु आवागमन सुविधा की आवश्यकता अकसर महसूस होती है, अतः एक पृथक समिति का गठन प्रस्तावित है। यह समिति विद्यार्थियों के मद सर्वे कराकर आवश्यक कार्ययोजना तैयार कर उस पर कार्यवाही करेंगी। | सम्पूर्ण शैक्षणिक सत्र के दौरान |

*आतंरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सदस्यों के हस्ताक्षर:*

1. डॉ. ज्योति सक्सेना
2. डॉ. साधना पाण्डेय
3. डॉ. अंजली आचार्य
4. डॉ. उषा कहोल
5. डॉ. सीमी मेहमूद
6. डॉ. एस.के. जैन
7. डॉ. रचना सिंह ठाकुर
8. डॉ. मदन धनोरा

डॉ. अनुज हुण्डैत
संयोजक, IQAC

Institute for Excellence in Higher Education IQAC Coordinator BHOPAL

डॉ. प्रज्ञेश कुमार अग्रवाल
संचालक

DIRECTOR
Institute for Excellence in Higher Education
Bhopal (M.P.)



A state level academy of Higher Education, affiliated to Barkatullah University, Bhopal.
Sponsored and fully funded by Government of Madhya Pradesh; Autonomous in academic, management and financial matters.